Need to develop Sanjay Gandhi National Park, Mumbai-laid

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर): देश में मुंबई शहर एकमात्र ऐसा शहर है, जो शहर के अंदर संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान जैसे एक विशाल जंगल से घिरा हुआ है। लेकिन आज स्थिति यह है कि शहर से सटा हुआ वन क्षेत्र होते हुए भी शहर के लोग इसका जितना उपयोग कर सकते हैं, वह कर नहीं पा रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण यह है कि आज तक इस वन के विकास करने के संदर्भ में कोई उचित कदम नहीं उठाया गया है। मैं यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि विगत अनेक वर्षों से मेरे अनेक प्रयासों के बावजूद भी मुझे इसमें कोई अधिक सफलता प्राप्त नहीं हुई है। उपरोक्त वन्य क्षेत्र में बसे हुए वनवासियों को एक स्थल पर लाकर उनके जीवनमान में भी बदलाव लाने के प्रयास विगत अनेक वर्षों से हो रहे हैं। लेकिन वह भी आज की तारीख में लंबित है। उपरोक्त वन क्षेत्र की इतनी बड़ी क्षमता है कि इसको विकसित करने के बाद बड़े पैमाने पर पर्यटक भी यहां आ सकते हैं। अतः यदि केन्द्र व राज्य सरकार दोनों साथ में आकर इस कार्य को आगे बढ़ाते हैं तो मुंबई शहर को एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।